卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 203 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦30 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## जन आंदोलन बना मन की बात कार्यक्रम



नई दिल्ली(उद ब्यूरो)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात के 100वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन आंदोलन बन गया है। 'मन की बात' कोटि-कोटि भारतियों के मन की बात है। उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। 3 अक्टूबर 2014 के दिन हमने 'मन की बात' की यात्रा शुरू की। मन की बात में देश के कोने-कोने से लोग जुड़े। हर आयु-वर्ग के लोग जुडे। पीएम मोदी ने कहा मुझे आप सबकी हजारों चिट्ठियां मिली हैं, लाखों संदेश मिले हैं और मैंने कोशिश की है कि ज्यादा से ज्यादा चिट्ठियों को पढ़ पाऊं, देख पाऊं, संदेशों को जरा समझने की कोशिश करूं। आपके पत्र पढ़ते हुए कई बार मैं भावुक हुआ, भावनाओं से भर गया, भावनाओं में बह गया और खुद को फिर संभाल भी लिया। आपने मुझे 'मन की बात' के 100वें एपिसोड पर बधाई दी है, लेकिन मैं सच्चे दिल से कहता हूं। बधाई के पात्र तो आप सब श्मन की बातश के श्रोता हैं, हमारे देशवासी हैं। पीएम मोदी ने कहा- 3 अक्टूबर 2014 को विजया दशमी का वो पर्व था और हम सबने मिलकर विजया दशमी के दिन 'मन की बात' की यात्रा शुरू की थी। विजया दशमी यानी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व 'मन की बात' भी देशवासियों की अच्छाइयों का सकारात्मकता का एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व, जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। मोदी ने कहा कि 'मन की बात' जिस विषय से जुड़ा वो जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा 'मन की बात' की थी, उसकी चर्चा पूरे (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखण्ड में सीएम समेत दस लाख से अधिक लोगों ने सुनी मन की बात

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण उत्तराखंड में





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत करीब दस लाख लेगों ने सुना। स्कूली छात्रों व आम जनता में भी मन की बात सुनने को लेकर उत्साह नजर आया। सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी की मन की बात केवल मन की बात ही नहीं है। यह जन जन की बात है। इससे लोगों का उत्साह बढ़ा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि तीन अक्तूर 2014 को मन की बात कार्यक्रम शुरू हुआ था।आज इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को समाज के प्रत्येक वर्ग, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, शीर्ष धर्माचार्यों व चर्चित हस्तियों के साथ ऐतिहासिक एवं व्यापक बनाया। मुख्यमंत्री पुष्कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से बुलाकर युवक को गोली से उड़ाया, थाने में हंगामा

रामनगर(उद संवाददाता)। तड़के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक का शव पुलिस को सुबह







सड़क किनारे मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अस्पताल पहुंचे युवक के परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। परिजनों ने कोतवाली में तैनात दो दरोगाओ पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की वजह पिछले दिनों हुआ विवाद माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम लुटाबड निवासी 27 वर्षीय अरविंद उर्फ पप्पी सागर पुत्र छत्रपाल को रविवार की सुबह करीब 5 बजे कुछ अज्ञात युवक घर से बुलाकर अपने साथ जिप्सी में ले गए। बताया जाता है कि अज्ञात लोगों ने घर से कुछ ही दूरी पर पप्पी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी जिसके बाद आरोपी मौके से पप्पी को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन पप्पी को अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों की पुलिस के साथ अस्पताल में तीखी नोकझोंक भी हुई। परिजन मृतक के शव को जबरन पुलिस से छुड़ाकर अपने साथ घर ले गए जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस मृतक के घर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इस इलाके में (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो बच्चों के पिता ने प्रेम प्रसंग के चलते जहर खाकर दी जान

### सुसाईड से पहले बनाया वीडियो, प्रेमिका की तलाश में जुटी पुलिस

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दो जवान बच्चों के पिता ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक ने अपनी जान देने से पहले एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने एक महिला को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा का रहने वाला 40 वर्षीय ऑटो चालक युवक यहां अपनी पत्नी व दो जवान बेटों के साथ रहता था। उसका बड़ा बेटा दूसरे प्रदेश में नौकरी करता है और छोटा बेटा यहीं पढ़ाई करता है। बताया जा रहा कि कुछ समय पूर्व उसकी पत्नी की तबीयत खराब हुई तो उसे सुशीला तिवारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया।अस्पताल में ही एक मरीज के तीमारदार महिला के साथ युवक की दोस्ती हो गई, और दोनों के बीच भी नजदीकियां बढ़ गई। बताया जा रहा कि कुछ दिनों पूर्व दोनों लापता हुए और महिला के एक रिश्तेदार के वहां आकर रूक थे, कुछ ही दिनों में दोनों के बीच चल रहा सबकुछ खुल कर सामने आ गया।मृतक ने मरने से पहले बनाए गए वीडियो में माध्यम से आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया है। अब वह न अपने परिवार के सामने मुंह दिखाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## टुकटुक चालक का अपहरण,रुपए लेकर छोड़ा

### कार्रवाई के लिए पीड़ित पक्ष के लोग पहुंचे कोतवाली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। टुकटुक चालक को कार सवारों ने जबरन वाहन में डाल लिया और उसके भाई से 10 हजार रुपए की मांग की। कार सवारों ने गूगल पे पर रुपए आने के बाद उसे छोड़ दिया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लोग कोतवाली पहुंचे। तहरीर भी पुलिस को दी। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह विगत रात्रि टुकटुक से किच्छा की तरफ से रुद्रपुर की ओर आ रहा था। बगवाड़ा मंडी के पास किसी काम से वह रूक गया था। बताया कि बैक हो रही कार से टुकटुक टकरा गया। जिसके बाद कार सवार तीन युवक बाहर आए और राकेश का कालर पकड़कर रुपये मांगने लगे। बाद में तीनों युवक उसे जबरन कार में अगवा कर जाफरपुर की ओर ले गए। जाफरपुर मोड में उन्होंने एक और युवक को अपनी कार में बैठा लिया। बताया कि इसके बाद कार सवार युवकों ने राकेश से उसका मोबाइल लिया और उसके भाई भाई को कॉल किया। साथ ही उसके भाई से 10 हजार रुपये गूगल पे करने को कहा। रुपये न देने पर राकेश कुमार को गोली मारने की धमकी दी। बताया कि इस पर राकेश के भाई ने कहा कि 10 हजार रुपये नहीं है, गूगल पर केवल 2500 रुपये ही है। भाई ने गूगल पे पर 2500 रुपये डाले तो आरोपितों ने राकेश कुमार को छोड़ दिया। इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस पहुंची और जानकारी ली। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाली में मौजूद एसआइ हरेंद्र कुमार को राकेश कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने झांसा देकर हड़पे 96 हजार रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन से सिडकुल कर्मी से हजारों रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में उत्तम तिवारी पुत्र वंशीधर तिवारी मूल निवासी ग्राम मोतीराम का पुरवा, महियामऊ थाना जेठवारा पिन जिला प्रतापगढ़ उ प्र हाल निवासी मैट्रोपोलिस ने कहा है कि वह सिडकुल में टाटा मोटर्स में काम करता है। उसके पास 18 जनवरी 2023 को (शेष पृष्ठ सात पर)

## पथराव और हमला करने वाला गिरफ्तार



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा पुलिस ने घर पर पथराव व मां बेटी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। हालांकि पुलिस को आरोपी को पकड़ने में पसीने छूट गये। पुलिस के मुताबिक वॉड 24 रम्पुरा निवासी हरी बाबू ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी 26 अप्रैल को पड़ौसी सत्यप्रकाश पुत्र कोमल राम ने उसके घर के अंदर घुसकर पुत्री के साथ गाली गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में पुत्री के गंभीर चोटें आई। बताया कि बीच बचाव को आई पत्नी पर हमला कर दिया। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। हमलावर पर घर में घुस कर हमला करने से पहले छत पर चढ़ कर पथराव करने का भी आरोप है। चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि हमलावर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जांच एसआई हरविन्दर कुमार कर रहे। उन्होंने बताया कि हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही। गिरफ्तार करने वाली टीम विवेचक के अलावा कांस्टेबल महेश राम,मोहम्मद इरफान अदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। बता दें कि पुलिस हमलावर (शेष पृष्ठ सात पर)

## अग्निकाण्ड में झोपड़ी हुई खाक,लाखों की क्षति



हल्द्वानी(उद संवाददाता)।गौलापार क्षेत्र में झोपड़ी में आग लगने से लाखों का सामान खाक हो गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। आग लगने से झोपड़ी में रखा सामान व झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी के गौलापार कुँवरपुर के ग्राम तारानवाड लछमपुर के रहने वाले प्रताप चंद पुत्र स्व० दलीप चंद की झोपड़ी में रविवार (शेष पृष्ठ सात पर)

# जिला योजना के लिए 6867.77 लाख की धनराशि का अनुमोदन

रूद्रपुर(उदस ंवाददाता)।कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा 6867.77 लाख रूपए की धनराशि का अनुमोदन विभागवार किया गया। जनपद प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि समिति के प्रत्येक सदस्य के 20-20 लाख रूपये के प्रस्ताव लेकर आज ही योजना में शामिल किये जाये और 10-10 सोलर लाइट लगवाने के प्रस्ताव भी शामिल किये जाये। श्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और जिला योजना से सोलर लाइट्स लगवाने हेतु उरेडा विभाग का बजट इस वर्ष में 31 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है और निःस्वार्थभाव से सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को योजना में शामिल किया जा रहा है। समिति ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रतिनिधि तथा बाजपुर विधायक यशपाल आर्य के प्रतिनिधियों द्वारा दिये



गये प्रस्ताव पर भी कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला योजनान्तर्गत संचालित कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराया जायेगा। समिति द्वारा विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कृषि विभाग को 269.50 के सापेक्ष 286.00 लाख रूपये, उद्यान विभाग को 247.06 के सापेक्ष 300.00 लाख, भेषज विकास विभाग को 1.30 लाख के सापेक्ष 2.45 लाख, गन्ना विकास विभाग को 210.00 लाख के सापेक्ष 275.00 लाख, पशुपालन विभाग को 177.00 लाख के सापेक्ष 215.00 लाख, दुग्ध विकास विभाग को 23.00 लाख के सापेक्ष 45.00 लाख, मत्स्य विभाग को 115.00 लाख के सापेक्ष 226.02 लाख , वन विभाग को 20.00 लाख के सापेक्ष 29.85 लाख, सहकारिता विभाग को 20.00 लाख के सापेक्ष 25 लाख, सामुदायिक विकास (ग्राम्य विकास) को 140.20 लाख के सापेक्ष 176.72 लाख, राजकीय सिंचाई को 440 लाख के सापेक्ष 550 लाख, नलकूप खण्ड को 250 लाख के सापेक्ष 250 लाख, लघु सिंचाई विभाग को 251.96 के सापेक्ष 295.00 लाख, उरेडा विभाग को 31.00 के सापेक्ष 100.00 लाख, लघु उद्योग विभाग को 9.00 लाख के सापेक्ष 100.00 लाख, रेशम विभाग को 42.00 लाख के सापेक्ष 46.40 लाख, पर्यटन विभाग को 256.30 लाख के सापेक्ष 230.00 लाख, संस्कृति विभाग को 30.00 लाख के सापेक्ष 50.00 लाख, अर्थ एवं संख्या विभाग को 25.00 लाख के सापेक्ष 100.77 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 106.83 लाख के सापेक्ष 275.00 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 284.00 लाख के सापेक्ष 365.00 लाख, खेलकूद विभाग को 120.00 लाख के सापेक्ष 150.00 लाख, युवा कल्याण विभाग को 581.70 लाख के सापेक्ष 600.00 लाख, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को 155.47 लाख के सापेक्ष 300.00 लाख, आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग को 19.54 लाख के सापेक्ष 41.30 लाख, उत्तराखण्ड जल संस्थान को 399.00 लाख के सापेक्ष 450.00 लाख, उत्तराखण्ड पेयजल निगम को 346.55 लाख के सापेक्ष 380.00 लाख, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग को 15.00 लाख के सापेक्ष 19.00 लाख, सेवा योजन विभाग को 6.00 लाख के सापेक्ष 15.00 लाख, अनुसूचित जनजाति कल्याण को 15.00 के सापेक्ष 3.00 लाख, समाज कल्याण विभाग को 5.30 लाख के सापेक्ष 6.00 लाख, दिव्यांग कल्याण को 0.40 लाख के सापेक्ष 3.00 लाख, बाल विकास विभाग को 30.00 लाख के सापेक्ष 25.00 लाख, पंचायतीराज विभाग को 24.00 लाख के सापेक्ष 32.26 लाख, लोक निर्माण विभाग को 524.62 लाख के सापेक्ष 750.00 लाख, पूल्ड आवास को 238.60 लाख के सापेक्ष 250.00 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई। बैठक में विधायक आदेश सिंह चौहान, मेयर रामपाल सिंह, जिला योजना समिति सदस्य सचिव एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, अमिता विश्वास, अर्जुन कश्यप, ममता जल्होत्रा, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें : एसएसपी

## सराहनीय कार्य करने वाले 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस लाईन में आयाजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टिसी ने जनपद के सीओ और थाना प्रभारियों को मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त लोगो के अलावा अपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस करते हुए अभियोग पंजीकृत किए जायें। उन्होंने लंबित मालों का निस्तारण और लंबित विवेचनाओं के साथ ही शिकायती प्रार्थना पत्रों की जाँच कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। एसएसपी ने कहा कि थाने के मालो का निस्तारण समय पर कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान एसपी बृजवाल,पीआरओ भारत सिंह समे अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अपराध समीक्षा बैठक से पहले एसएसपी ने कर्मियों की समस्याओं को सुना।एसएसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान थाना प्रभारियों को क्षेत्र में बीट पुलिसिंग सुधारने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने



मुख्यालय,रेंज स्तर पर चलाए जा रहे अभियान में शत-प्रतिशत कार्रवाई की जाये। एसएसपी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगो के विरुद्ध भी प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही गुंडा, गैगस्टर, 107/116 सीआरपीसी,पुलिस एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई कर नोटिस को शत- प्रतिशत तामील कराये जाने के भी निर्देश दिये। साईबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई क्राईम चन्द्रशेखर घोड़के,एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल,एसपी काशीपुर अभय कुमार सिंह,सीओ बाजपुर भूपेन्द्र सिंह भंडारी,सीओ किच्छा ओपी शर्मा,सीओ सिटी अनुषा बडोला, सीएफओ बंश बहादुर,प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैंप सुदंरम शर्मा,इंस्पेक्टर किच्छा धीरेन्द्र कुमार,इंस्पेक्टर आईटीआई एके सिंह,सितारगंज इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कहा कि डयूटी के दौरान किसी भी कर्मी की शिकायत मिली तो बख्शा नहीं जायेगा। एसएसपी डा.मंजुनाथ टिसी ने समीक्षा बैठक के बाद अपराध ों का अनावरण, थाना क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में सराहनीय कार्य करने वाले 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को एम्प्लॉय ऑफ द मंथ व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# ग्लेशियरों की ओर जाने वाले पर्यटकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश

## मानसखंड योजना में बागेश्वर जनपद के 16 मंदिर चयनित

बागेश्वर (उद संवाददाता)। मंडलायुक्त दीपक रावत ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में किवी व ट्राउट मछली उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। हालांकि अभी टर्नओवर उतना नहीं है, लेकिन भविष्य में बेहतर संभावनाएं हैं। मंदिरों को सौन्दर्यकरण के लिए रखा गया है। पशुपालन विभाग को गोट वैली योजना पर त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत गरीब बच्चों के दाखिला करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में छह की काउंसलिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्लेशियरों की ओर जाने वाले पर्यटकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश वन विभाग, पुलिस व पर्यटन विभाग को दिए। मंडलायुक्त ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं में



चार धाम यात्री बागेश्वर तक पहुंचे इसके लिए यहां के मंदिर एवं पर्यटन स्थनों को विकसित किया जाए। प्रसाद योजना के तहत जिले में 49 करोड़ के कार्य होंगे। पर्यटन विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 95 निजी होटल पंजीकृत हैं साथ ही 150 होम स्टे संचालित है। उन्होंने बताया कि मानसखंड योजना में जनपद के 16 मंदिर चयनित है, प्रथम चरण में बागनाथ, बैजनाथ व कोर्ट भ्रामरी मॉडल स्कूल विकसित किए जा रहे हैं, जबकि पांच स्कूल पीएम श्री में चयनित हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त चिकित्सक तैनात हैं, मगर विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी। उन्होंने बताया कि 35 सीएचओ की तैनाती कर दी गई है, जबकि 29 सीएचओ की तैनाती होनी है। रावत ने पुलिस, राजस्व, शिक्षाधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारियों को ड्रग्स पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही बच्चों व उनके अभिभावकों कार्य करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। नोडल अधिकारी ने बातया कि जनपद में द्वितीय चरण में 421 योजना डीपीआर स्वीकृत है, जिसमें से 408 योजनाओं पर अनुबंध कर कार्य प्रारंभ कर दिए गए है, जबकि 13 योजनाओं के टैंडर अभी नहीं हुए है। बैठक में जिलाधिकारी अनुराधा पाल, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जन मुद्दों पर पीएम व सीएम को लिखे 36 पत्र : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने 8 अप्रैल 2023 को आज की चिट्ठी कार्यक्रम की शुरुआत की थी। पहली चिट्ठी प्रधानमंत्री को लिखकर, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए तत्पर रहने, देश की एकता, अखंडता, लोकतंत्र और संविधान को अक्षुण्ण रखने, सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के शपथ पत्र के रूप में लिखी थी। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 36 पत्र लिखे हैं। इनमें से 25 पत्र प्रधानमंत्री जी को लिखे हैं जो राष्ट्रीय महत्व के प्रधानमंत्री स्तर के विषयों से संबंधित थे। उन्होंने बताया कार्यक्रम का समापन राज्य आंदोलनकारियों के प्रति कांग्रेस पार्टी के सम्मान, माँ गंगा के प्रति आस्था, पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करते हुए आज मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर कर रहे हैं। विधायक सुमित ने बताया प्रेषित पत्र में सेना और अर्धसैनिक बलों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, अडानी समूह का चांग लुंग की कंपनी च्ड≅से संबंधों को स्पष्ट करने, अकिता हत्याकांड की जांच, बलात्कार पीडिता किरण नेगी हत्याकांड में परिवार को न्याय दिलवाने, अनुसूचित जाति विकास बजट में कटौती के खिलाफ, गुजरात के बंदरगाहों में 41643 करोड़ की मूल्य के नशीले पदार्थों से सम्बन्ध में, ऑनलाइन गैम्बिलंग को समाप्त करने, पुलवामा आतंकी हमले में शहीद परिवारों की मांग पर न्यायायिक जांच करने,8000 अमीर लोग जो देश छोड़कर भाग गये हैं, उनसे सम्बंधित स्वेत पत्र, नोटबंदी के वक्त चर्चित हुए महेश शाह की 13860 करोड़ की सम्पति के सम्बन्ध



में, फसल बीमा योजना, महंगाई, किसानों को आकस्मिक वर्षा से हुए नुकसान के एवज में राहत देने, केंद्र सरकार के विभिन्न सामाजिक जन कल्याण योजनाओं के बजट में कटौती के खिलाफ, सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही हेतु, उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में छोटे और मध्यम श्रेणी के व्यापारियों को जी एस टी में छूट देने, पाठ्यक्रमों में बदलाव पर चिंता, आंगनवाडी में गर्म पका हुआ भोजन के स्थान पर सूखा राशन देने पर आपत्ति, गौतम अडानी की सम्पति में सार्वजानिक पैसा लगने और उसकी सुरक्षा से सम्बंधित, उत्तराखण्ड के वनों में जंगली जानवरों के आवास की धारक क्षमता (कैरिंग कैपेसिटी) का वैज्ञानिक आंकलन करने, वन्य जीवों से ग्रामीणों की रक्षा करने के लिए मनरेगा के तहत गांव के आसपास खतरनाक रूप से उगआई झाड़ियों को काटने की इजाजत देने, नमामि गंगे परियोजना, पुरानी पेंशन स्कीम, एक रैंक एक पेंशन लागू करने के मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उत्तराखण्ड क्रिकेट की महिला खिलाड़ियों की शिकायत की सीबीआई से जांच करवाने, लोकसेवा आयोग से विभागीय परीक्षा में सीधी भर्ती के समान आरक्षण समाप्त करने के खिलाफ, ऑनलाइन गेम्बिलंग को समाप्त करने, उत्तराखंड में 3000 स्कूलों के बंद होने पर चिंता, राजस्थान सरकार की तर्ज पर उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाने के सम्बन्ध में, जंगली जानवरों से रक्षा के सम्बन्ध में नीति और कार्यक्रम बनाने, स्वतंत्रता सैनानियों के परिवारों को सुविधा देने से सम्बंधित, भर्ती घोटाले की जांच, प्रधानमंत्री केयर फण्ड का पैसा उत्तराखंड को मिला या नहीं से सम्बंधित, नमामि गंगे परियोजना, उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी से सम्बंधित बिंदु शामिल किए गए। वार्ता के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**मकान बिकाऊ**

भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।

संपर्क करें
मो. 7017360462

**Shri Shyam Properties**

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# डीएम ने काशीपुर में किया तहसील का औचक निरीक्षण

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शनिवार को तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था सही न पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील परिसर में जनसुविधाएं बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि भू-अभिलेखों तथा पत्रावलियों को सही से रखा जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए निर्देश दिये कि जो भी अभिलेख जिला कार्यालय पहुॅच जाने चाहिए थे, परन्तु अभी तक नहीं पहुॅचे हैं, ऐंसे सभी अभिलेख जिला कार्यालय पहुॅचाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने 18 गांवों का छठ-वार्षिक खतौनिया अभी तक न बन पाने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए एक माह के भीतर खतौनियां बनाने तथा खतौनियां तैयार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तहसील में दाखिल-खारिज की धीमी कार्यवाही पर भी सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए धाखिल-खारिज कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने न्यायालय सम्बन्धी पत्रावलियों की सम्पूर्ण जानकारी हेतु एक अध्याचन रजिस्टर बनाने के भी निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने विभिन्न कारणों से बाजपुर हस्तान्तरित किये गए 4 प्रकरणों को पुनः काशीपुर स्थानान्तरित करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार को दिये। जिलाधिकारी ने 143 की लम्बित फाइलों का निस्तारण शीघ्रता से करने, खसरे पड़ताल की सहोद्दा ठीक करने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार यूसुफ अली, नायब तहसीलदार भुवन चन्द्र आर्य, आरके अकरम, राकेश साह, माल मोहरिर फूल सिंह, रामसिंह आदि उपस्थित थे।



# पुराने भवनों की मरम्मत के लिए प्राधिकरण देगा अनुमति

## नगर में महिलाओं को शुलभ शौचालय के लिए बनेंगे पिंक टॉयलेट

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मंडल आयुक्त व जिला प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत ने कहा कि बागेश्वर में पुराने भवनों की मरम्मत की अनुमति प्राधिकरण देग। संयुक्त निरीक्षण के बाद यह अनुमति दी जाएगी, लेकिन मरम्मत के नाम पर नया निर्माण कतई सहन नहीं होगा। इसके अलवा प्राधिकरण के माध्मय से नगर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे। जिनका संचालन भी महिलाएं ही करेंगी। यह बात उन्होंने कलक्ट्रेट में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की बैठक में अध्यक्षता करते हुए दिए। इसके अलावा जिला कार्यालय के नीचे पार्क, व्यू प्वाइंट, कैफे, व्यू प्वाइंट पहुंच मार्ग एवं लाइटिंग के साथ ही म्यूरल एवं सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कौसानी के अल्मोड़ा जनपद में आने वाले क्षेत्रों के नक्शे अब अल्मोंडा प्राधिकरण से ही पास होंगे। मंडलसेरा में मास्टर प्लान के तहत जिन क्षेत्रों का कम्युनिटी स्ट्रक्चर के रूप में चिह्नत हो गया है, इसके परिवर्तन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि गरुड़ का भी सुनियोजित विकास हो, इसके लिए शासन का प्रस्ताव भेजा जाए। बोर्ड बैठक में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बॉक्सिंग रिंग बनाने के साथ ही विभिन्न मार्गो पर अट्रैक्ट साइनेज लगाने के निर्देश दिए। छोटी-छोटी पार्किंग विकसित करने के लिए स्थान चिह्नित करने के भी निर्देश मंडलायुक्त ने बोर्ड बैठक में दिए। प्राधिकरण में तैनात कार्मिकों के मानदेय के लिए धनराशि स्वीकृति का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में रखा गया। मंडलायुक्त ने कहा कि बागेश्वर में वर्ष भर काफी संख्या में पर्यटक आते है, इसे ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे, जिसमें केवल महिला कार्मिकों की ही तैनाती होगी। इससे पूर्व मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के नीचे व्यू प्वाइंट का निरीक्षण किया व व्यू प्वाइंट मार्ग को ठीक करने, व्यू प्वाइंट का सौंदर्यीकरण् एवं कैफे निर्माण प्राधिकरण से करने के निर्देश दिए। साथ ही संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया।बैठक में जिलाधिकारी अुनराधा पाल,अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मोनिका, वरिष्ठ कोषाधिकारी जुनैद अहमद आदि मौजूद रहे।



# दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री कमलकिशोर जी, सिल्वर ओक रोड, भुरारानी के पास, दुर्गा कॉलोनी, गली नंबर 5, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों नेदरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलितकर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन सेजो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबाके जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराजसरकार बेड़ा पार करो, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा नेचलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे, गोविंद ग्रोवर में मेरा बाबा मेरे साथ है, अंकुर भटनागर ने वीरहनुमाना अति बलवाना, सचिन मुरली ने बजरंग बाला जपू तेरी माला, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में आदि भजनसुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्रीभैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर परखघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, केसर पाहवा, रमेश बाजवा, हरीश कुमार, अंश अरोरा, भरत शर्मा, दीपककटारिया, प्रेम पाल, जितेंद्र कुमार, माधव खुराना, कमलेश यादव, अनिल कालरा, अनिल कोली, सोनू कोली, प्रदीप सैनी, मनदीप सिंह, अवतार सिंह, अंकुश जैन, सतीश सागर,शंकर विश्वास, अंकुर भटनागर, संजय चौहान, अजय शर्मा, राजू गोयल, हिमांशु पारीख, महेंद्रपारीख, सौरभ अग्रवाल, मिंटू चौधरी, रामकिशोर, गुड्डू रावत, सत्यम जायसवाल, सतीश सागर, सुरेश मित्तल, डी के करगेती, अमनश्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्तमौजूद थे।





# गोयल कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष व जोशी महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारणी की बैठक नगर निगम सभागार मे प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता तथा राजकुमार केसरवानी के संचालन मे संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों के संघर्ष करेगा। जीवन सिंह कार्की ने कहा स्वास्थ, सड़क, आईएसबीटी, जू , पेयजल जैसे मुद्दों को भी उठाया जायेगा। बैठक मे संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि संगठन ने हमेशा जनहित मे काम किया है आगे भी जारी रहेगा। बैठक में बालम बिष्ट, जगमोहन चिलवाल,आफताब



हुसैन,दीपक शाह, रेवाधर बृजवासी, पृथ्वीपाल रावत, रमेश जोशी, मनोज बिनवाल, शेखर दानी, विपिन कांडपाल, खीम सिंह बिष्ट, श्याम सिंह नेगी, घनश्याम वर्मा, विनोद दानी, हेम चन्द्र भट्ट, जेडए वारसी, पंकज कुमार आर्य, हर्ष जलाल, भास्कर सुयाल, घनश्याम बिष्ट, दीपक रौतेला, वीरेंद्र रौतेला, सुमित जोशी, राजकुमार नेगी, ओम प्रकाश अरोरा, मनोज बिनवाल, काजल खत्री, नवीन नैथानी, विशाल शर्मा, कार्तिक दास, डॉक्टर प्रदीप राय, रमेश चंद्र उपाध्याय, अतुल गुप्ता, अवध बिहारी, रवि गुप्ता, राकेश बेलवाल, संजय कृष्ण परगांई, चंपा त्रिपाठी सहित अनेक व्यापारी शामिल थे। अंत मैं दो मिनट का मौन रख कर संरक्षक नंद किशोर कपिल,महेश बेलवाल, नारायण दत्त जोशी के निधन पर शोक प्रकट किया गया।

# पीएम के 'मन की बात' से देश में आया परिवर्तन:रामपाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100वां ऐपिसोड जगतपुरा शक्ति केन्द्र संख्या 6 बूथ नंबर 57 पर पांच सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी शरद जोशी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आज 100 संस्करण पूरे हो चुके हैं। यह कार्यक्रम आज जन आंदोलन बन चुका है। हमेशा से ही मन की बात कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया की संस्कृति और परंपराओं से हमें अवगत कराया हैं। उन्होंने कभी भी इस कार्यक्रम का प्रयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि जन-जन की बात है और इसके सुनने के बाद सामाजिक रूप से देश में काफी परिवर्तन देखने को मिला भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गईं बातें हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है और उसे जीवन में उतरने की कोशिश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न् सामाजिक



विषयों पर मन की बात में अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करते हैं। यही कारण है कि यह कार्यक्रम देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय हो चुका है। मेयर ने कहा पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। आज पीएम मोदी की अगुवाई में देश विकास लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। विदेशों में नए भारत की पहचान बनी है। हम विश्वगुरु बनाने के राह पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री अपनी राजनीति और कूटनीति से भारत को सबसे आगे ले जाने की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य किए हैं वह कार्य आज तक कोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर सका। इस अवसर पर पार्षद निमित्त शर्मा,राधेश शर्मा, बलाई विश्वास, देवी मंडल,मुरली यादव, अजय बडाई, कपूर सिंह, उमेश पंत, कुलदीप सिंह, हरीश गाईन,राजेंद्र सिंह चौहान ,रामधुन लाल वर्मा,पवन शर्मा, जय देवी, जयंती बाला, धनवती, गीता, रेनू राठौर, सुमित्रा मंडल, चमन देवी, चिंतामणि गुप्ता, चिंता देवी, लालमणि, गायत्री देवी, रणजीत कौर ,रुक्मणी, छोटी देवी, विमला शर्मा, गंगा देवी, निर्मल गोलदार,कोटी मंडल, मोनू शर्मा, राजेंद्र कोली, देवाशीष मंडल, बुद्धू मंडल, राजू गुप्ता, संतोष गुप्ता, लाल सिंह, रानी देवी, शेर सिंह, भास्कर जोशी, महेश पांडे ,राजेंद्र मेहता, विपिन पांडे,अजय त्रिवेदी आदि लोग उपस्थित रहे ।


देवभूमि उत्तराखण्ड
G20
भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तराखण्ड शासन
यमुनोत्री
गंगोत्री
केदारनाथ
बद्रीनाथ
चारधाम यात्रा में
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

“चारधाम यात्रा के दौरान देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं खास तौर पर बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत सरकार द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। हमारी सरकार आपकी यात्रा को सुखद, सुगम और पर्यटक के अनुभव को यादगार बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

“21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## महत्वपूर्ण सूचना

- पंजीकरण करते हुए कृपया सही मोबाइल नंबर प्रदान करें
- सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा शुरु करने से पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराएं
- क्षेत्र और जलवायु के साथ खुद को ढालने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाएं
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं

## पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

+91-8394833833
(Type 'yatra' on WhatsApp)

Toll Free number 0135 1364

Download the App:
touristcareuttarakhand

**पंच केदार** — केदारनाथ | तुंगनाथ | रुद्रनाथ | मध्यमहेश्वर | कल्पेश्वर

**पंच बद्री** — बद्रीनाथ/विशाल बद्री | योगध्यान बद्री | भविष्य बद्री | वृद्ध बद्री | आदि बद्री

**पंच प्रयाग** — विष्णुप्रयाग | नंदप्रयाग | कर्णप्रयाग | रुद्रप्रयाग | देवप्रयाग

## मानसखण्ड मंदिर माला मिशन



मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम की तर्ज पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के प्रथम चरण में कुमाऊं के 16 मंदिरों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है।

### मानसखण्ड मंदिर माला के अंतर्गत आने वाले प्रथम चरण के पौराणिक मंदिर

जागेश्वर महादेव | चितई गोलज्यू मंदिर | सूर्यदेव मंदिर कटारमल | कसारदेवी मंदिर | नंदा देवी मंदिर | पाताल भुवनेश्वर गंगोलीहाट | हाटकालिका मंदिर गंगोलीहाट | बागनाथ महादेव बागनाथ | बैजनाथ मंदिर | पाताल रुद्रेश्वर गुफा | पूर्णागिरी मंदिर | देवीधुरा | बाराहीदेवी मंदिर | बालेश्वर मंदिर | नैनादेवी मंदिर | कैंची धाम मंदिर | चैती बाल सुंदरी मंदिर

देवभूमि के पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की जाती है। कचरा केवल कूड़ेदान में डालें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। जिम्मेदार बनें, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दें। सभी तीर्थयात्री और पर्यटक, स्वच्छता के मानदंडों का पालन करें और आस्था को नया आयाम दें।

हेलीकॉप्टर/ अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

**www.heliyatra.irctc.co.in**

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं० 1800110139
07556698100 | 07554090400

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की शुरुआत की गई।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया है। बद्रीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

**उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नं० : 1364 फोन नं० 0135 3520100**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महंगाई की चुनौतियां

कई बार यह समझना मुश्किल हो जाता है कि अगर थोक महंगाई में कमी होती है तो उसी अनुपात में उसका असर खुदरा वस्तुओं पर क्यों नहीं दिखता है। बाजार और मुद्रास्फीति के आंकड़ों में उतार-चढ़ाव के बरक्स हकीकत यह है कि खुदरा महंगाई का स्तर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसे नियंत्रण में लाने के लिए मौद्रिक कवायदों से लेकर सरकार की ओर से बाजार में मांग के अनुपात में सामान की आपूर्ति को लेकर अलग से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें कोई बड़ी राहत फिलहाल नहीं नजर आ रही है। हालांकि कुछ समय के अंतराल पर थोक और खुदरा वस्तुओं की महंगाई के सूचकांक में कभी बढ़ोतरी तो कभी मामूली कमी दिखाई देती है, फिर थोड़े वक्त के बाद जरूरी वस्तुओं की कीमतें आम लोगों की पहुंच से बाहर होने लगती हैं। कई बार यह समझना मुश्किल हो जाता है कि अगर थोक महंगाई में कमी होती है तो उसी अनुपात में उसका असर खुदरा वस्तुओं पर क्यों नहीं दिखता है। स्वाभाविक ही ये सवाल उठते हैं कि आखिर देश भर में महंगाई की समस्या जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने के मसले पर सरकार को कोई ठोस कवायद करना जरूरी क्यों नहीं लग रहा है। जबकि इसके कारणों की पड़ताल को लेकर शायद ही कभी कोई कमी होती हो। अब केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस मसले पर जो राय जाहिर की है, वह एक बार फिर महंगाई की वजहों की ओर ही संकेत करती है। वित्त मंत्री का कहना है कि आपूर्ति से जुड़ी मौसमी समस्याओं के कारण महंगाई बढ़ी है और जरूरी सामान की कीमतों में नरमी लाने के प्रयासों के साथ लगातार उस पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने ईंधन और प्राकृतिक गैस के दाम में कमी लाने के प्रयासों की भी बात की। लेकिन सब जानते हैं कि पिछले कुछ सालों के दौरान रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत बढ़ते-बढ़ते आज कहां पहुंच चुकी है और उससे कितने परिवारों के सामने कैसी चुनौती खड़ी हो रही है। सही है कि आमतौर पर ईंधन और प्राकृतिक गैसों का आयात किया जाता है और पहले कोरोना और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बाजार में इनकी कीमतों पर असर पड़ा है। निश्चित रूप से एक जटिल और विकट समस्या के रूप में महंगाई के कारणों की पहचान करना एक जरूरी और प्राथमिक पक्ष है, लेकिन सवाल है कि इसके समाधान को लेकर लंबे समय से केवल आश्वासन की स्थिति क्यों बनी हुई है? आज हालत यह है कि ऐसे तमाम लोग हैं, जिनकी पहुंच से खाने-पीने के सामान की कीमतें दूर हो रही हैं। अर्थशास्त्र की जटिल गुत्थियों में उलझी महंगाई की वजहें बाजार में खाने-पीने की चीजों या फिर सब्जियों के दाम कई बार सिर्फ पूछने तक की हिम्मत कर पाने वाले लोगों की मुश्किलों को कम नहीं कर पाती हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि महामारी और उसकी वजह से लागू की गई पूर्णबंदी के बाद बाजार के हालात सामान्य होने के बाद आज भी रोजी-रोजगार के मामले में चिंता बनी हुई है। खाने-पीने से लेकर अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों के बरक्स लोगों की क्रयशक्ति आज भी कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रही है। अगर किसी भी वजह से आपूर्ति की वजह से महंगाई के मोर्चे पर खड़ी समस्या गहरा रही है तो इस रास्ते की बाधा को दूर करना या विकल्प निकालना भी सरकार की ही जिम्मेदारी है। पिछले साल दलहन, खाद्य तेल पर आयात शुल्क में कटौती करने और प्याज आदि के बफर स्टाक बना कर रखने जैसे कई कदम उठाए गए थे। संभव है कि सरकार अपनी ओर से प्रयास कर रही हो, मगर जमीनी स्तर पर आम लोगों को महंगाई के मोर्चे पर जिस स्थिति का सामना करना पड़ेगा, उन कोशिशों का आकलन उसी कसौटी पर होगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने मुक्तेश्वर में किया रात्रि प्रवास

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुक्तेश्वर पहुंचकर '13 डिस्ट्रिक्ट-13 डेस्टिनेशन' के अन्तर्गत शामिल मुक्तेश्वर का निरीक्षण किया गया। शनिवार को मुख्यमंत्री ने केएमवीएन मुक्तेश्वर पहुँचकर हिमदर्शन व्यू पॉइंट से लगभग 300 किलोमीटर में फैली हिमालयी पर्वत शिखर नन्दा देवी, त्रिशूल, नन्दकोट, नन्दा खाट, हाथीपर्वत, अन्नपूर्णा व पंचाचूली पर्वत को निहारा। कहा कि हिमालय पर्वत श्रृंखला विराट, विशाल, खूबसूरत और आध्यात्मिक है। हिमालय की ऊंचाई मन मे सकारात्मक का भाव लाता है। मुक्तेश्वर को 13 डिस्ट्रिक्ट-13 डेस्टिनेशन के रूप में बेहतरीन तरीके से विकसित किया गया है जिससे यह देशियों के साथ ही विदेशियों की पहली पसंद बन रहा है। मुक्तेश्वर में महादेव मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य, चौली की जाली, मुक्तेश्वर गार्डन, हिमदर्शन, भालू गाड़ वाटरफॉल का विकास के साथ ही सरगाखेत में पुराने पुलिस थाने भवन का हैंडीक्राफ्ट कैफे के रूप में जीर्णोद्धार किया गया है। लगभग 04 करोड 16 लाख की लागत से मुक्तेश्वर



को विकसित किया गया है। नैनीताल में बड़ी संख्या में आए पर्यटकों को वीवीआईपी व्यवस्थाओं से असुविधा न हो इसके दृष्टिगत सीएम पुष्कर सिंह धामी नैनीताल में पूर्व निर्धारित रात्रि विश्राम की जगह आज रात्रि प्रवास पर मुक्तेश्वर में ही करेंगे' इस अवसर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, पुलिस कप्तान पंकज भट्ट, एम डी केएमवीएन विनीत तोमर, एम डी एबी बाजपेई, अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, विधायक राम सिंह कैडा, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डॉक्टर अनिल कपूर डब्बू, देवेंद्र ढैला, भावना पांडे, रंजन बरगली, कार्तिक हरबोला, कनिष्ठ ढींगरा, प्रदीप बिष्ट, कुंदन चिलवाल, देवेंद्र बिष्ट, हेम बोरा, उपजिलाधिकारी धारी योगेश मेहरा, तहसीलदार तान्या रजवार, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वहीं मुख्यमंत्री से कुमाऊँ मंडल विकास निगम मुक्तेश्वर में केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के तीन नन्हे मुन्ने बच्चे मुख्यमंत्री से आकर मिले। अपने बीच मुख्यमंत्री को देख बच्चे काफी उत्साहित थे, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छठी की छात्रा करुणा और कक्षा तीसरी की छात्रा रुचि और कक्षा एक के छात्र शैलेश पांडे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की । इस दौरान सीएम धामी भी बच्चों को देख काफी प्रफुल्लित हुए उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। इस दौरान बच्चे सीएम से मिलकर काफी खुश नजर आए उन्होंने सीएम धामी का ऑटोग्राफ भी लिया।

# समाजसेवी सुषमा अग्रवाल ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल ने केसरिया इवेंट की संचालिका निकिता गोयल द्वारा नैनीताल रोड पर स्थित रेडिशन ब्लू में आयोजित प्रदर्शनी का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने आयोजित प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों को एक ही छत के नीचे उच्च गुणवत्ता व उचित मूल्यों पर दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ ही घर की सुंदरता का सामान मिल जाता है। उन्होंने अयोजिका निकिता गोयल को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीमती सुषमा ने निकिता के बेहतर भविष्य केलिए शुभकामनाएं भी दी। सुषमा ने आयोजित प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टालों पर जाकर प्रदर्शित की गई विभिन्न वस्तुओं को निहारकर स्टाल लगाने वालों को बध



ाई दी तथा वस्तुओं की गुणवत्ता एवं सुंदरता की मुक्त कंठ से सराहना की। केसरिया इवेंट की निकिता गोयल ने बताया कि रूद्रपुर में वह दूसरी बार प्रदर्शनी आयोजित कर रही हैं। यहां उन्हें सम्मानित ग्राहकों को आकर्षित करने में पूरी सफलता मिली है। इससे पूर्व हल्द्वानी में भी वृहद स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमे हजारों लोगों ने प्रतिभाग कर लगाए गए स्टालों से भारी संख्या में खरीददारी की। उन्होंने बताया कि उस प्रदर्शनी में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही डांडिया नृत्य आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। जिसकी हल्द्वानी में आज भी चर्चा होती है। उन्होंने बताया इस प्रदर्शनी में रेडिमेड क्लॉथ, फुटवेयर, हैंड बैग, ज्वैलरी, हैंड मेड प्रोडक्ट्स, चिल्ड्रेन आइटम गेम्स आदि के स्टॉल लगाए गए हैं। इस दौरान ममता गोयल, आभा गोयल, कनिका गोयल, अंकित, गोयल, गोपाल गोयल, अशोक गोयल, विभोर गोयल, विजय अग्रवाल, घनश्याम श्यामपुरिया, सौम्या अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, अनु जैन, अमित जैन, उमा गर्ग, रूचि गर्ग, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, ममता मित्तल व सीमा अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। प्रदर्शनी देर सायंकाल तक जारी रही।

# 'उत्तराखंडियत' के पन्नों में चौंकाने वाले सियासत के किस्सों से गरमायी सियासत

## देहरादून में शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज ने किया 'मेरा जीवन लक्ष्य उत्तराखंडियत' पुस्तक का विमोचन
## 600 से अधिक पन्नों की किताब में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कई राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख किया

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून मे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत द्वारा विभिन्न समय पर लिखे गए लेखों का संकलन 'मेरा जीवन लक्ष्य उत्तराखंडियत' पुस्तक का विमोचन शनिवार को नीरजा ग्रीन्स बेंकट हॉल मे मुख्य अतिथि जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम महाराज जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य,विधायक श्री हरीश धामी , विधायक श्रीमती अनुपमा रावत , पूर्व विधायक श्री मनोज रावत सहित भारी संख्या में आमंत्रित लोगों के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। करीब 600 से अधिक पन्नों की इस किताब में हरीश रावत ने अपने जीवन काल में हुए घटनाक्रमों का उल्लेख किया है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की किताब में हरीश रावत की राजनीतिक करियर से जुड़े अनुभव और कांग्रेस की विचारधारा के साथ-साथ उत्तराखंड राज्य के गठन की बातें लिखी गई हैं। इस पुस्तक में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत और पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी की भूमिका का जिक्र किया है। पुस्तक के विमोचन के मौके पर हरीश रावत ने कहा वह जगतगुरु शंकराचार्य और तमाम लोगों के आभारी हैं जिन्होंने स्नेह जताया। हरीश रावत ने अपनी पुस्तक के कुछ पन्नों पर आलोचना करने वाले लोगों को भी धन्यवाद करते हुए कहा कि किसी भी किताब को लॉन्च करने से पहले विवाद भी जरूरी होता है. आलोचकों और समालोचकों का आभारी हूं जिन्होंने पुस्तक को लेकर टिप्पणियां की हैं। इस दौरानउन्होंने कहा कि पुस्तक में उत्तराखंडियत की बात की गई है। भाजपा को इस किताब को पढ़कर लाभान्वित होना चाहिए। पुस्तक में गोविंद बल्लभ पंत का जिक्र किए जाने पर हरीश रावत ने कहा यह एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है, क्योंकि, उत्तर प्रदेश के विभाजन की जब बात आई थी तब गोविंद बल्लभ पंत ने नेहरू से कहा था कि यह मेरा विशाल शरीर उत्तर प्रदेश है। इसका विभाजन नहीं होना चाहिए, तब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल में जब उत्तराखंड को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की बात सामने आई उस दौरान एनडी तिवारी ने गोविंद बल्लभ पंत का उदाहरण देते हुए वही बात दोहराई थी। हरीश रावत की किताब में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी का जिक्र किया गया है। पुस्तक के पेज नंबर 351 हरीश रावत ने उल्लेख किया है कि उनके प्रस्ताव पर तत्कालीन पीएम पीवी नरसिम्हा राव, उत्तराखंड को केंद्र शासित प्रदेश बनाने पर सहमत थे। इसके लिए उत्तराखंड के नेताओं को बुलाया गया था। उन्होंने तिवारी को भी न्यौता दिया, लेकिन तिवारी पहले ही केंद्र में मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज थे ऐसे में उन्होंने नाम लेते हुए कहा कि गोविंद बल्लभ पंत ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से कहा था उत्तर प्रदेश का विभाजन उनकी लाश पर होगा। वह भी ऐसा ही सोचते हैं. यह सुनते ही निराश राव बैठक से चले गए. बैठक में नरसिंहा राव मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इसके साथ ही पुस्तक में तमाम घटनाक्रमों का जिक्र भी हरीश रावत ने किया है जिसमें उत्तराखंड राज्य गठन से जुड़े रानीतिक घटनाक्रम का विस्तृत उल्लेख करते हुए हरीश रावत ने कई चौंकाने वाले तथ्यों को प्रकाशित किया है। उन्होंने दावा किया है जो लोग हरीश रावत और कांग्रेस को अक्सर उत्तराखंड का विरोधी बताने का दांव खेलकर सियासी रोटियां सेकने का काम करते है वह सच्ची बातों से निराश हो रहे है। कांग्रेस कर उत्तराखंड की सियासत करने वाले नेताओं की बयानबाजी पर भी अपनी लंबी सियासी लकीर खींचने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को उनकी लिखी किताब के विमोचन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि हरीश रावत का लंबा राजनीतिक कैरियर रहा है. वे किताब में अपने जीवन के सभी राजनीतिक उतार-चढ़ाव को पन्नों पर उतारा है, जिसे लोगों को जरूर पढ़ना चाहिए।




## उत्तर प्रदेश के विभाजन से लेकर उत्तराखंड में 2016 में लागू हुए राष्ट्रपति शासन के घटनाक्रम पर लिखे अध्याय

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत की उत्तराखंडियत पुस्तक में वर्ष 2016 में उत्तराखंड में लगे राष्ट्रपति शासन पर चार अध्याय लिखे गए हैं। रावत ने लिखा कि हरिद्वार जिले के एक विधायक के घर से पूर्ण भुगतान की सूचना आने से आधे घंटे पहले तक उनसे जिलाधिकारी को जरूरी निर्देश दिलवा रहे थे। इसी तरह एक विधायक उनके साथ आनंदपूर्वक लंच करके गई और अपने खास मंत्री की तरफ से डील पूरी होने की सूचना पर थोड़ी देर में पाला बदल गई। रावत के मुताबिक, तब फौरी राहत के लिए उन्होंने भाजपा विधायकों को कुछ समय के लिए सदन से निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे उनके सहयोगियों ने स्वीकार नहीं किया। इस तरह दल-बदल टालने का मौका हाथ से चला गया। इसके चलते बने घटनाक्रम से उनके नाम तीन साल में चार बार मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। पूर्व सीएम हरीश रावत ने तिवारी के साथ रिश्तों को विस्तार से बताते हुए कहा है कि 1991 तक वो कांग्रेस की राजनीति में काफी आगे बढ़ चुके थे, लेकिन तिवारी के भी प्रिय बने हुए थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद मतगणना से पहले पीएम पद की दावेदारी को लेकर तिवारी उनके पास आए। इस दौरान उन्होंने तिवारी से अपनी खुद की और तिवारी की भी संभावित हार की आशंका जाहिर कर दी, यहां से तिवारी का आशीर्वाद उनसे हमेशा के लिए खत्म हो गया। फिर उत्तराखंड बनने के बाद उन्होंने बतौर कांग्रेस अध्यक्ष सहयोगियों के विरोध के बावजूद कांग्रेस भवन उद्घाटन में तिवारी को भी बुलाया। तिवारी को कांग्रेस भवन ऐसा भाया कि वो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ही बन गए।

# जनता का विश्वास खो चुकी है भाजपा सरकार: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार जन विरोधी नीतियां अपना रही है। समाज का हर वर्ग सरकार से परेशान है। महंगाई और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं हो रहा है। इसकी कीमत भाजपा सरकार को चुकानी पड़ेगी। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा प्रदेश भर में 8 अप्रैल से शुरू हुए चिट्ठी अभियान के समापन अवसर पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जनहित के मुद्दों पर केन्द्र और प्रदेश सरकार को जगाने के लिए कांग्रेस ने 8 अप्रैल से चिट्ठी अभियान का शुभारम्भ किया था। इसके तहत हर अलग-अलग विषयों पर प्रधानमंत्री और राज्य की ध ामी सरकार को चिट्ठी भेजी गयी। महानगर कांग्रेस की ओर से भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखे गये हैं। प्रध नमंत्री को लिखी गयी चिट्ठी में सीमा सुरक्षा, जोशी मठ आपदा, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा, देश की एकता अखंडता, सामाजिक और सांप्रदायिक सदभाव कायम रखने, सेना और अध 'सैनिक बलों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, अंकिता हत्याकांड की जांच, बलात्कार पीड़िता किरण नेगी हत्याकांड में परिवार को न्याय दिलाने, ऑनलाइन गैम्बलिंग



को समाप्त करने, पुलवामा आतंकी हमले में शहीद परिवारों की मांग पर न्यायिक जांच करने, 8 हजार अमीर लोग जो देश छोड़कर भाग गये हैं उन पर श्वेत पत्र जारी करने, नोट बंदी के वक्त चर्चित हुए महेश शाह की संपत्ति की जांच, फसल बीमा योजना, महंगाई, किसानों को राहत, सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में वैमनस्य फैलाने वालों पर कार्यवाही, उत्तराखण्ड में छोटे और मध्ययम श्रेणी के व्यापारियों को जीएसटी में छूट, पुरानी पेंशन योजना, एक रेंक एक पेंशन लागू करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाकर इन पर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गयी। मुख्यमंत्री को भेजी गयी चिट्ठी में उत्तराखण्ड क्रिकेट महिला खिलाड़ियों की शिकायत की सीबीआई जांच, लोक सेवा आयोग से विभागीय परीक्षा में सीधी भर्ती के समापन आरक्षण का विरोध, ऑनलाइन गैंबलिंग समाप्त करने, राजस्थान की तर्ज पर उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाने, जंगली जानवरों से रक्षा के लिए नीति बनाने, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सुविधाएं देने, भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच आदि मुद्दों को उठाया गया है। राज्यव्यापी चिट्ठी अभियान को जिले से लेकर ब्लॉक स्तर पर चलाया गया। जिसमें हर दिन अलग-अलग विषयों पर पत्र लिख सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जनहितों की अनदेखी करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जनता के हकों के लिए आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। समाज का हर वर्ग सरकार से परेशान है। महंगाई बेरोजगारी और अपराध लगातार बढ़ रहे है। हवाई दावों से जनता ऊब चुकी है और आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को करारा सबक सिखायेगी। प्रेस वार्ता में पार्षद मोहन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, सुनील आर्य आदि भी मौजूद थे।

# बैंक मैनेजर को दी भावभीनी विदाई

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पंजाब नेशनल बैंक में बैंक मैनेजर दीपक पांडे के विदाई समारोह में व्यापारियों के द्वारा बैंक मैनेजर दीपक पांडे को शॉल और माला पहनाकर उन्हें विदाई दी गई और उनके स्थान पर आए नए मैनेजर मुकेश कुमार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर दुग्ध संघ के जिलाध्यक्ष जिला राज



गंभीर, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, नगर पंचायत चेयरपर्सन अनीता दुबे, तरुण दुबे, प्रेस क्लब के अध्यक्ष गदरपुर जय किशन अरोरा, विनोद कुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंदन नयाल, कैलाश शर्मा, सुखविंदर सिंह, गिरधारी लाल अरोड़ा, संदीप शेरू, राजकुमार ग्रोवर, विनोद गुप्ता, गुरमेल सिंह, अमित कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह, नंदन सिंह कोश्यारी, गोविंद सिंह, इंदर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती विहार दर्जनों लोगों ने सुनी मन की बात

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री महोदय की मन की बात बूथ नंबर 60 सरस्वती विहार में बूथ प्रभारी कपिल कुमार एवं बूथ अध्यक्ष सुभाष खुराना के नेतृत्व में दर्जनों लोगों द्वारा सुनी गई इस दौरान बूथ प्रभारी कपिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित 100 वीं मन की बात को कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े



ध्यान से सुना गया और एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर का प्रण करते हुए संकल्प लिया। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा अशोक छाबड़ा, कुलवीरी चौधरी,सोनू विश्वास,अरुण खुराना ,चिंतन अरोरा राजू गुप्ता आदि लोग थे।

# स्कूटी से शराब की तस्करी करता गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने स्कूटी पर अवैध शराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करने हेतु थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करने हेतु चेकिंग के दौरान संदेह होने पर स्कूटी सवार एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता बिक्रम सिंह रावत पुत्र खीम सिंह रावत निवासी कुंवरपुर बागजाला देवलातल्ला थाना काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसकी स्कूटी संख्या यूके 04 ए ई 1680 में कट्टे में भरे 68 पव्वे अंग्रेजी व देशी मसालेदार शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब व स्कूटी कब्जे में लेकर।विक्रम को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि महेन्द्र राज सिंह प्रभारी चौकी दमुवाढूगा, का. चन्दर सामंन्त व उमेश प्रशाद शामिल थे।



# ओलावृष्टि और बारिश से गेहूं व मसूर की फसल हुई बर्बाद

बागेश्वर/गरुड़ (उद संवाददाता)। जिले में मौसम के बदलते रुख के बीच गरुड़ घाटी के कई गांव में ओलावृष्टि और तेज बारिश के चलते काश्तकारों की खेतों में उपजी फसल बर्बाद हो गई है, ओलावृष्टि के चलते गेहूं मसूर की खेती की फसल बर्बाद हो गई है, कड़ी मेहनत से तैयार हुई फसल ओलावृष्टि से बर्बाद होने से नुकसान हो गया है,



काश्तकार कार्तिक आर्यन, रमेश चंद्र, अनिल पांडे, दर्शन सिंह, विमला देवी, सीमा देवी, हरुली देवी आदि ने बताया कि खेतों में कड़ी मेहनत कर फसल तैयार होने पर काश्तकारों को खुशी हुई थी,कठोर मेहनत, और जंगली जानवरों ,बंदरों के आतंक के बीच खेतों में उपजी फसल को बचाया गया था, लेकिन अचानक ओलावृष्टि और तेज बारिश के चलते काश्तकारों की फसल बर्बाद हो गई है जिससे उन्हें बहुत नुकसान हुआ है काश्तकारों ने जिला प्रशासन कर्षि विभाग से काश्तकारों को मुआवजा देने की मांग की।

# दिवंगत कैबिनेट मंत्री के घर पहुंचकर कमिश्नर ने दी श्रद्धांजलि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। दिवंगत कैबिनेट मंत्री स्व.चंदन राम दास के निधन के बाद कुमाऊँ मंडल आयुक्त दीपक रावत स्व. दास के आवास पहुँचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनो से मिलकर उन्हें



ढांढ़स बधाया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रशासन उनके साथ है, जो भी मदद होगी,वह अवश्य की जाएगी।इस दौरान जिलाधिकारी अनुराधा पाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# विद्युत चोरी में दो लोग नामजद

काशीपुर(उदसंवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आध ार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि फारुख बर्फ वाली गली कर्बला मोहल्ला अल्ली खां निवासी अकरम पुत्र अज्ञात तथा अंसार कॉलोनी अल्ली खां निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र अब्दुल हमीद पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कोर केबल डाल कर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया।

# सूडान से दिल्ली पहुंचे उत्तराखंड के 11 लोग

देहरादून। नई दिल्ली पहुंचने पर सूडान से लौटे लोगों का स्वागत उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा और सहायक प्रोटोकाल अधिकारी मनोज जोशी व अमर बिष्ट ने किया। इस ग्रुप में गिरीश गरकोटी, अब्बल सिंह, भोला सिंह पंवार, अरविंद प्रसाद गैरोला, विनोद रावत, कुलदीप सिंह, गणेश सिंह, राजेश सिंह, बाबी सिंह, नरेश कुमार और बिनोद कुमार सिंह शमिल हैं। इनके अलावा तीन अन्य उत्तराखंडवासियों उत्तम सिंह रौतेला, प्रशांत कुमार चौधरी और योगेश का स्वागत गुरुवार देर रात्रि मुंबई एयरपोर्ट पर उत्तराखंड के प्रतिनिधि चंद्रशेखर लिंगवाल ने किया। अभी तक आपरेशन कावेरी के तहत उत्तराखंड के कुल 24 लोग वापस लाए जा चुके हैं।

# मैदानों में अंधड़ व पहाड़ों में ओलावृष्टि की चेतावनी

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पहाड़ से लेकर मैदान तक धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी है। वहीं, चोटियों पर हल्के हिमपात और निचले इलाकों में बौछारों का क्रम भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन पहाड़ों में ओलावृष्टि और बौछारें, जबकि, मैदानों में अंधड़ की आशंका है। इसे लेकर अगले तीन दिन यलो अलर्ट और दो मई को आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में दिनभर बादल मंडराते रहे। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की भी हुई। शनिवार को चारधाम में भी मौसम करवट बदलता रहा। चोटियों में हल्के हिमपात की सूचना है। मौसम के लगातार बदल रहे मिजाज के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान भी सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस तक कम बना हुआ है। पहाड़ों में सुबह-शाम ठिठुरन महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिन पर्वतीय जिलों में हल्की वर्षा-बर्फबारी के साथ ही कहीं-कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि की आशंका है। जबकि, मैदानी क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से झक्कड़ चलने के आसार हैं।

## पेज एक का शेष...

**जनआंदोलन बना मन की बात...**विश्व में हुई थी। 'मन की बात' मेरे लिए दूसरों के गुणों की पूजा करने के जैसा ही रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तो वहां सामान्य जन से मिलना-जुलना स्वाभाविक रूप से हो ही जाता था, लेकिन 2014 में दिल्ली आने के बाद मैंने पाया कि यहां का जीवन तो बहुत अलग है। शुरूआती दिनों में कुछ अलग महसूस करता था, खाली-खाली महसूस करता था। श्मन की बातश ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया, सामान्य मानवी से जुड़ने का रास्ता दिया।कहा कि मेरे लिए श्मन की बात' ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल की तरह है। 'मन की बात' मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है। 'मन की बात' स्व से समिष्टि की यात्रा है। 'मन की बात' अहम् से वयम् की यात्रा है।

**उत्तराखंड में सीएम समेत...** सिंह धामी नैनीताल मंडल में,रेखा आर्य सोमेश्वर के मच्खाली मंडल में, सौरभ बहुगुणा शक्तिफार्म में, गणेश जोशी कैंप ऑफिस में, सुबोध उनियाल मुनि की रेती में व प्रेमचंद अग्रवाल छिद्दरवाला क्षेत्र में। अजय भट्ट ने जसपुर में,डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने ऋषिकुल में, अजय टम्टा ने अल्मोड़ा ग्रामीण में, तीरथ सिंह रावत ने कोटद्वार में, माला राजलक्ष्मी शाह ने भटवाड़ी में मन की बात सुनी। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी शंकरपुर में, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी कोटद्वार में, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत बालावाला में, महेंद्र भट्ट प्रदेश अध्यक्ष माणा गांव में, प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार हरकी पौड़ी, महेंद्र पांडे, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी नैनीताल मंडल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत लामाचौड़, मदन कौशिक हर की पौड़ी व पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने भीमताल में मन की बात सुनी।

**घर से बुलाकर युवक...**तनाव बना हुआ है। शांति व्यवस्था को लेकर जिले के आसपास के थाने की फोर्स रामनगर पहुंच गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक हरवंश सिंह भी रामनगर पहुंच गए और उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी जुटायी। मामले में मृतक के चाचा और भाई ने रामनगर कोतवाली में तैनात एक महिला दरोगा व एक अन्य दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।कोतवाल ने बताया कि, युवक को दो गोली लगी हुई थीं। लोगों का कहना है कि उन्हेंने तड़के तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनी थी। सुबह पांच बजे सड़क पर शव पड़े होने की सूचना मिली थी।

**टुकटुक चालक का ....**की तहरीर दी। पुलिस सूत्रों की मानें तो बगवाड़ा पुलिस चौकी में दोनों पक्षों को बुलाया गया और मामले में जानकारी लेने के बाद निपटा दिया गया। जब इस मामले में जानकारी चाही तब तक सीओ सिटी को इस मामले की जानकारी नहीं थी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की कार को कब्जे में ले लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर घटना सही पाई गई तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

**दो बच्चों के पिता ने...**लायक रहा, न रिश्तेदारों में और न ही ऑटो स्टैंड में किसी से बात करने लायक रहा। इसीलिए वह अपनी जान दे रहा है और इसकी जिम्मेदार सिर्फ उसकी प्रेमिका है। ये वीडियो मृतक ने जान देने से पहले बाथरूम में बनाया। वीडियो के आधार पर परिजन अब आरोपी प्रेमिका महिला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

**अग्निकांड में झोपड़ी..**की सुबह शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। हादसे में झोपड़ी समेत सारा सामान और एक स्कूटी भी जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुँची पुलिस एवं दमकल विभाग टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग लगने से लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

**साइबर ठगो...**अज्ञात नंबर से कॉल आयी तथा एक नम्बर पर लिंक करने के लिए कहा गया। लिंक के माध्यम से उसके साथ 96473 रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**पथराव और मां...**को गिरफ्तार करने के लिये घटना वाले दिने से जुटी हुई थी। उसे पकड़ने के लिये पुलिस के पसीने छूट गये। आरोपी की गिरफ्तारी को पीड़ित पक्ष के समर्थन में लोग पुलिस पर दबाव बना रहे थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कर्नाटक के मैसूर में रूद्रपुर के विधायक शिव ने संभाली प्रचार की कमान

## कर्नाटक के पारंपरिक परिधान में मन्दिर में किये मंदिर के दर्शन, पीएम मोदी के रोड शो की व्यवस्था में जुटे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साउथ का गढ़ कहने जाने वाले कर्नाटक में चुनाव का जबसे बिगुल बज गया है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता कर्नाटक में डेरा जमाये हुए है। वहीं केंद्रीय नेतृत्व द्वारा संगठन के अनुभवी जिला उधम सिंह नगर के दो बार के जिला अध्यक्ष रहे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा को भी मैसूर में प्रचार की कमान सौंपी है। बता दें विधायक शिव अरोरा ने कई चुनावों में भाजपा की जीत में अपनी अहम भूमिका निभायी है। चंपावत उपचुनाव से लेकर हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी दी थी। अब कर्नाटक चुनाव में मैसूर जैसे अहम शहर की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। विधायक शिव अरोरा विगत एक सप्ताह से मैसूर चुनाव प्रचार प्रसार में लगे हुए है। रविवार को मैसूर के दशहरा मैदान के पास से होने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र के रोड शो को लेकर विधायक शिव अरोरा पिछले एक सप्ताह से रोड शो की तैयारी में जुटे हुए हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर वहां की जनता में गजब की दीवानगी नजर आ रही है। उन्होंने कहा आज शाम 5 बजे से शुरू होने वाले रोड शो को लेकर मैसूर भगवामय रग में रंग चुका है। लगभग 5.5 किलोमीटर लंबे रोड शो में लाखों की संख्या में जनसैलाब सड़को पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने आने वाला है और वही विधायक स्वयं इसकी तैयारी को लेकर ग्राउंड जीरो पर लगे हुए है एक एक व्यवस्था को लेकर नजर बनाए हुए है और विधायक ने प्रशासन के साथ भी स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक ने कहा के मैसूर सहित पूरे कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल नजर आ रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के




करिश्माई नेतृत्व में एक फिर कर्नाटक की जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलने जा रहा है। विधायक शिव अरोरा वही कर्नाटक की पारंपरिक परिधान पहने प्रसिद्ध मन्दिर में आज सुबह दर्शन करने निकले जो सुबह से शोशल मीडिया में छाया रहा। विधायक शिव अरोरा ने कहा आज कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो ऐतिहासिक होने वाला है।













# मेट्रो सिटी हॉस्पिटल ने गुरूद्वारा में आयोजित किया कैंप

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का हुआ चेकअप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल मेट्रो सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गोल मार्केट रुद्रपुर में किया गया। शिविर में एमडी डा. मनदीप सिंह एवं उनकी टीम ने करीब 150 मरीजों को निशुल्क चेकअप किया और परामर्श के साथ ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित की। शिविर में शुगर की जांच, फेफड़ों की जांच, पीलिया की जांच, काले पीले की जांच भी नि:शुल्क की गयी। मरीजों ने निशुल्क शिविर का भरपूर लाभ उठाया। इस अवसर पर अस्पताल के एमडी डा. मनदीप सिंह ने अस्पताल की ओर से समय समय पर विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदा लोगों की मदद के लिए निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने अस्पताल की ओर से आयोजित होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने का आहवान किया। निशुल्क शिविर को सफल बनाने में गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का विशेष योगदान रहा। शिविर को संपन्न कराने मेट्रोसिटी हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर आशीष थापा, नीरज, प्रिया, दीपक ने भी अहम योगदान दिया। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे मरीजों ने उपचार करावाया।



**तुम जियो हजारों साल**



हर्षिता के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# भूरारानी में भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड को सुनने के लिए समस्त भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता में काफी उत्साह देखा गया। यहां भूरारानी वार्ड 32 के बूथ संख्या 161 में मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष बल्देव छाबड़ा के आवास पर भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्र वासियों ने काफी तल्लीनता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। श्री मोदी ने इस दौरान कई लोगों से बातचीत भी की। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा मन की बात के माध्यम से देश वासियों का मार्ग दर्शन किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के कई देशों में भी सुर्खियां बनकर चर्चा में रहा है। श्री चुघ ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र संघ में भी प्रसारित किया जा रहा है। जिससे यह प्रदर्शित होता है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण विश्व में सम्मान किया जाता है



साथ ही उनके विचारों को भी काफी महत्व दिया जाता है। श्री चुघ ने कहा कि श्री मोदी ने समाज के हर आयु वर्ग के लोगों के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार कर रहे लोगों, व्यवसाइयों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों, समाजसेवीयों आदि का भी सदैव बेहतर मार्ग दर्शन कर उन्हें सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताए। उन्होंने कहा श्री मोदी के विचारों को सुनने के पश्चात हमारा दायित्व बनता है कि इन विचारों पर मंथन कर इनका अनुसरण करें। इस मौके पर केसरदास पाहवा, चंद्र प्रकाश चुघ, नमन चुघ, चंद्रप्रकाश गांधी, योगेश ग्रोवर, राहुल सागर, दीपक राणा, डा. एस बी मलिक, सुभाष हाजरा, मुस्कान, कपिल कालड़ा, मनोज गांधी, मनोज अरोरा, विजय सागर, प्रेम बल्लभ त्रिपाठी, उमेश कुमार सिंह, राजाराम यादव, सुरेंद्र बेलवाल, चौधरी भगवान सिंह, जामवंत सिंह, भूषण छाबड़ा, सोनी त्रिपाठी, नारायणी त्रिपाठी, तारा दत्त जोशी, मंजुला मिश्रा, कमला खाती, चंपा भाकुनी, भावना नेगी, रजनी वर्मा, पुष्पा रावत, पदमा बगड़वाल, लीलाधर आदि मौजूद थे।

# दूषित पेयजल आपूर्ति से भड़के उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड 12 में जल संस्थान द्वारा दूषित पानी की आपूर्ति के विरोध स्थानीय लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हेमन्त साहू के नेतृव में जल संस्थान परिसर में जोरदार हंगामा करते हुऐ 24 घण्टे के भीतर व्यवस्था ठीक नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुऐ अधिकारियों को जमकर



खरीखोटी सुनाई। स्थानीय लोग अपने साथ दूषित पानी की बोतल लेकर पहुँचे थे। हेमन्त साहू ने कहा विभाग के अधिकारी लापरवाही की हदें पार कर क्षेत्र में पिछले काफी समय से गंदा बदबूदार पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्या से निपटने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पानी पीना तो छोड़िये नहाने धोने काबिल भी नहीं है। यू गिने कहा जल्द समाधान नहीं होने पर विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में गंगा आर्या, प्यारे लाल, सरिता देबी, कुंदन लाल, मयंक गोस्वामी, कान्ता कश्यप, गीता देबी आदि थे।